# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा अष्टम् (बजट) सत्र
संख्या-09 सोमवार, दिनांक-30 जनवरी, 2017 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 04.52 बजे अप० तक ।

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

**1. श्रद्धा सुमन का अर्पण:-**

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के शहादत दिवस के अवसर पर आसन द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि आज ही के दिन वर्ष-1948 में दिल्ली स्थित बिड़ला मंदिर में प्रार्थना सभा के दौरान गोली मारकर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की हत्या कर दी गयी थी। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी न केवल भारतीय स्वतंत्रता के प्रतीक थे, अपितु सत्य और अहिंसा के माध्यम से विश्व बंधुत्व का संदेश भी उन्होंने दिया था तदुपरांत उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित की गयी और **दो मिनट का मौन** रखा गया।

**2. विविध चर्चायें:-**

i- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने PPP मोड पर TECHNO INDIA द्वारा राज्य में संचालित तीन अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं एक पॉलिटेक्निक कॉलेज द्वारा छः हजार छात्रों के साथ की गयी धोखाधड़ी सम्बन्धी दिये गये कार्य-स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की माँग की,

ii- झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के सभी माननीय सदस्य स्लोगनयुक्त अंगवस्त्र, धोती, हरे रंग की पगड़ी एवं हाथों में पोस्टर लिये हुए पूर्व दिनों की भाँति CNT, SPT ACT में हुए संशोधन को वापस लेने की माँग को लेकर पहले अपने स्थान पर खड़े हो गये तत्पश्चात् शनैः शनैः नारेबाजी करते हुए सदन की वेल में आ गये,

iii- माननीय सदस्य, श्री भानू प्रताप शाही ने अपने क्षेत्र में दलित एवं आदिम जनजाति परिवारों के आवासों को अधिकारियों द्वारा ढ़ाह दिये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए इसकी जाँच कमिश्नर से कराये जाने की माँग की।

इस अवसर पर सदन में अव्यवस्था का माहौल तथा भारी शोरगुल को देखते हुए सदन की कार्यवाही 11.05 बजे पूर्वा० से लेकर 12.45 बजे अप० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

(स्थगनोपरांत)

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

इस अवसर पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के माननीय सदस्य पूर्व की भाँति सदन की वेल में शनैः शनैः आकर नारेबाजी करने लगे। माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा निलम्बित विधायकों के निलम्बन वापसी की माँग की गई।

P.T.O.

**3.सभा मेज पर कागजात का रखा जाना:-**

माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री सरयू राय द्वारा दामोदर घाटी निगम का वित्तीय वर्ष-2014-15 के वार्षिक प्रतिवेदन तथा वित्तीय वर्ष- 2015-16 का वार्षिक बजट की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखी गयी।

**4.वित्तीय कार्य:-**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) से सम्बन्धित माँग माननीय विभागीय मंत्री, श्री रणधीर कुमार सिंह द्वारा रखी गयी जिसपर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

इस दरम्यान भारी शोरगुल होने के कारण सदन में अव्यवस्था का माहौल कायम हो गया जिसे देखते हुए कार्यवाही 12.48 बजे अप० से लेकर भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

**(अन्तराल)**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

i- माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के सभी माननीय सदस्य अपने-अपने स्थान पर पूर्व की माँगों को लेकर खड़े हो गये,

ii- माननीय नेता, प्रतिपक्ष द्वारा निलम्बित विधायकों के निलम्बन वापस करने की माँग की गयी, आसन द्वारा इस सम्बन्ध में ससमय निर्णय लिये जाने हेतु आश्वस्त किया गया,

iii- माननीय सदस्य, श्री भानू प्रताप शाही ने अपने क्षेत्र में पदाधिकारियों द्वारा दलितों का घर ढ़ाह दिये जाने का मामला पुनः उठाया जिसपर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सदन को सूचित किया गया कि राज्य के मुख्य सचिव को जाँच का आदेश दे दिया गया है। दोषी को शीघ्र ही दण्डित किया जायेगा। साथ ही वहाँ पुलिस पिकेट बनाकर दलितों को आवश्यक सुविधायें दिये जाने का आश्वासन भी दिया गया एवं गढ़वा के कस्तूरबा विद्यालय में घटना की जाँच का आदेश दिये जाने सम्बन्धी आश्वासन भी दिया गया,

iv- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने TECHNO INDIA के विषय की ओर आसन का ध्यानाकृष्ट करते हुए वस्तुस्थिति को स्पष्ट किया जिसपर माननीय मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव एवं उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा मामले के निष्पादन कराये जाने हेतु आश्वस्त किया,

v- माननीय सदस्य, श्री राधा कृष्ण किशोर ने आज हिन्दी दैनिक, प्रभात खबर में प्रकाशित समाचार **"राँची के अस्पताल चार गुणा कर रहे हैं वसूली"** की ओर आसन का ध्यानाकृष्ट करते हुए समिति बनाकर इसकी जाँच हेतु आग्रह किया जिसे माननीय मुख्यमंत्री द्वारा संज्ञान में लेकर जाँच कराये जाने हेतु आश्वस्त किया गया।

**(इस अवसर पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के माननीय सदस्य पूर्व की माँगों को लेकर नारेबाजी करते हुए सदन की वेल में आ गये।)**

vi- माननीय सदस्य, श्री मनीष जायसवाल द्वारा हजारीबाग जिले में इण्टरमीडिएट परीक्षा का केन्द्र यथावत् रखे जाने हेतु आग्रह किया गया जिसे माननीया शिक्षा मंत्री द्वारा संज्ञान में लिया गया।

P.T.O.

**5. वित्तीय कार्य(क्रमांक-4 से जारी):-**

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) से सम्बन्धित माँग के कटौती प्रस्ताव पर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी जिसमें निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया-

**श्री योगेश्वर महतो,**

**श्री भानू प्रताप शाही,**

**(इस अवसर पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के माननीय सदस्यों ने सदन का परित्याग किया।)**

**श्री हरिकृष्ण सिंह** तत्पश्चात् सम्बन्धित विभाग के प्रभारी माननीय मंत्री, श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, श्री सरयू राय **(इस अवसर पर सदन की सहमति से सभा का समय सरकार के उत्तर तक विस्तारित किया गया।)** एवं श्री रणधीर कुमार सिंह द्वारा सरकार की ओर से वक्तव्य दिया गया। इसके उपरांत माननीय सदस्य श्री प्रदीप यादव का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा **कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)** से सम्बन्धित माँग सभा द्वारा स्वीकृत हुई **तदुपरांत** सदन की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक-31.01.2017 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

राँची,

दिनांक- 30 जनवरी, 2017 ई०।

बिनय कुमार सिंह,

प्रभारी सचिव,

झारखण्ड विधान सभा।